पत्रांक–डी0डी0–1–विविध–165 / 35 / 2023 (पार्ट–II) ......

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुधांशु शेखर राय,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल,
सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः–.............

विषयः– दिनांक–15–21 जनवरी, 2024 की अवधि में "भूकम्प सूरक्षा सप्ताह" मनाने के संबंध में।

प्रसंगः– बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन विभाग का पत्रांक–08 / प्राधि0, दिनांक–01.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेश है कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में अपने कार्यालयों में दिनांक–15–21 जनवरी, 2024 की अवधि में भूकम्प सूरक्षा संबंधी उपायों एवं भूंकप सुरक्षित निर्माण से संबंधित विषयों पर बैठक / गोष्ठी / व्याख्यान आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(सुधांशु शेखर राय)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 500 (भ) पटना / दिनांक– 15/1/24

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12-1-24

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सचिका सं०- 3/1 – आपदा/भूकम्प सुरक्षा सप्ताह/प्रा० – 01/2024 /---08---/प्राधि० 01/01/24

(कम्प्यूटर सं0 232364)

बिहार सरकार

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग)

पाँचवा तल, डी ब्लॉक, सरदार पटेल भवन, नेहरु पथ, पटना – 23

प्रेषक,

सचिव

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण |

सेवा में,

सचिव

भवन निर्माण विभाग, बिहार |

विषय: दिनांक 15 – 21 जनवरी 2024 की अवधि में "भूकम्प सुरक्षा सप्ताह" मनाने के सम्बन्ध में |

सन्दर्भ: आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार का संकल्प सं० 125 दिनांक 13-01-2012

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक सन्दर्भ में निदेशानुसार कहना है कि प्रत्येक वर्ष दिनांक 15 – 21 जनवरी तक "भूकम्प सुरक्षा सप्ताह" मनाये जाने का निर्णय संसूचित है | अवगत हो कि सेन्डई फ्रेमवर्क के आलोक में "बिहार आपदा जोखिम न्यूनीकरण रोडमैप 2015 – 2030" को राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिसके कार्यान्वयन में सरकार के विभिन्न विभागों / संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है |

उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों में भूकम्प सुरक्षा सप्ताह (15 – 21 जनवरी 2024) से सम्बंधित बैनर लगाये जाने तथा भूकम्प सुरक्षा सम्बन्धी उपायों एवं भूकम्प सुरक्षित निर्माण से सम्बंधित विषयों पर बैठक / गोष्ठी / व्याख्यान का आयोजन करने के सम्बन्ध में कारवाई करने कष्ट किया जा सकता है |

इसमें उपाध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त है |

विश्वासभाजन

(मनीन्द्र कुमार)

सचिव